राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :– **दिनांक :– 11.08.2015**

आयोग द्वारा दिनांक 02.08.2015 को आयोजित कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2013 के प्रथम व द्वितीय प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजियाँ आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 11.08.2015 को जारी कर दी गई है। यदि किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो दिनांक 12.08.2015 से 7 दिवस अर्थात् दिनांक 19.08.2015 को रात्रि 12.00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाईन आयोग की वेबसाईट पर दर्ज करवा सकता है। उक्त परीक्षा के प्रश्न पत्र आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। **आपत्तियाँ केवल ऑनलाइन ही प्रस्तुत करें। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक दिनांक 12.08.2015 से दिनांक 19.08.2015 को रात्रि 12.00 बजे तक ही उपलब्ध है, उसके पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जाऐंगी। आपत्तियाँ केवल एक बार ही ली जाएंगी। ऑनलाइन आपत्तियों के लिये पोर्टल rpsc.rajasthan.gov.in/examobjection या लिंक rpsconline.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं, को अभ्यर्थी क्लिक करें। ऑनलाईन आपत्तियों के लिए दिशा – निर्देश भी पोर्टल पर उपलब्ध हैं।** आपत्ति प्रामाणिक (Standard, Authentic) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाईन संलग्न करें । आपत्तियों के साथ प्रामाणिक (Standard, Authentic) पुस्तकों के प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में विचार नहीं किया जावेगा तथा अंतिम संशोधित उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाईट पर जारी करते हुए तद्नुसार परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा।

उप सचिव